# नेजपुर के किसानों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित हूँ : मंत्री जोगाराम पटेल

■ नेजपुर में दो दिवसीय श्री सोमनाथ महादेवजी व हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ

**डूंगरपुर**, (निसं)। पटेल समाज का बेटा हूं जो कहेंगे वो काम करूँगा। यह वक्तव्य था कानून मंत्री जोगाराम पटेल का नेजपुर में पटेल समाज की सामाजिक सभा को संबोधित करने के दौरान। ग्राम नेजपुर में दो दिवसीय श्री सोमनाथ महादेवजी व हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। नेजपुर के वडीलों ने समाज के सभी पंचो का रामास्वामी कर अभिनंदन किया। ग्राम की महिलाओं ने पुष्प वर्षा, तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पचपदरा विधायक डॉ. अरुण अमराराम चौधरी, मावली विधायक पुष्कर डांगी, पूर्व मावली विधायक दलीचंद डांगी, फलोज चौखला अध्यक्ष धूलजी पटेल रहें। विशिष्ट अतिथि पूर्व उपजिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार, एडवोकेट वीरेंद्र डांगी गींगला, चावण्ड चौखला प्रमुख धुलजी भिण्ड, समाजसेवी केशवलाल पटेल कातनवाडा, ओबीसी कांठोस जिलाध्यक्ष पूंजालाल पटेल, सरदार पटेल सेना के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र डांगी, जिलाध्यक्ष इंडियालाल पाटीदार, कैलाश पटेल नीमच, प्रेमजी धोलागिरी खेड़ा, डायालाल पाटीदार नवाडेरा, पूंजालाल पटेल केजड़, बनोडा चौखला से पूर्व सरपंच वालजी वकावत, उपसरपंच गौतमलाल पाटीदार रणौली, चितरी चौखला अध्यक्ष धनजी पटेल, काठडी चौखला से भूरालाल पटेल, सुखलाल पटेल बमबोरा, बारा क्षेत्र चार चौखला अध्यक्ष नवनीत पटेल, झाड़ोल चौखला हीरजी डोखला, सुरखंड का खेड़ा चौखला शरद पटेल, धावड़िया चौखला भगवानलाल पटेल रहें।

सामाजिक सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अरूण चौधरी ने कहा कि अपनों के बीच आने के लिए दूरी मायने नहीं रखती। अब समय युवाओं का हैं युवाओं को अवसर देने होंगे। राजस्थान के हर कोने से पटेल, पाटीदार, डांगी, आँजणा, कलबी समाज को जोड़ने का काम करेंगे। समाज से बड़ा कोई मंच नहीं होता, धर्मनगरी नेजपुर में आना सौभाग्य की बात हैं।

मावली विधायक पुष्कर डांगी ने कहा कि समाज के मंच पर समाज की एकता को लेकर चिंतन होता है। समाज के सभी लोग मिलकर सहयोग करें। समाज की मांगों को लेकर हम संघर्ष करेंगे, लड़ेंगे और जरूर जीतेंगे। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज नेजपुर में आकर ऐसा लगा कि अपने गांव धुंधाड़ा में खड़ा हूं। समाज में शिक्षा के महत्व को समझें शिक्षा का राज आने वाला है। पटेल समाज का बेटा हूं जयपुर में आप जो भी काम लेकर आएंगे वह करूंगा। कोई व्यक्ति समाज का काम करे तो उसका सहयोग करना सीखना पड़ेगा। पटेल समाज की बेटियां मां पार्वती का रूप हैं। नेजपुर में पटेल समाज की सभा समाज के लिए नया सूर्योदय है। शिक्षा के क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में, सामाजिक एकता के क्षेत्र में हम सभी मिलकर पहल करें। नेजपुर के किसानों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित हूं। राजनीति अपनी जगह, समाज के मंच पर हम सभी एक हैं समाज के काम को डंके की चोट पर करवाएंगे।

कवि सुनील पटेल ने कहा कि अपना व्यक्ति होगा तो अपनों का काम करेगा। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने सारे कार्यक्रमों को निरस्त कर नेजपुर में आकर अपनों का गौरव बढ़ाया। महेश पाटीदार ने स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए नेजपुर में विकास कार्यों की सौगात देने की बात रखी।

रविवार सुबह 7 बजे पूजन हवन आहूति के बाद 10 बजे मूर्ति स्थापना व दोपहर 11 बजे पूर्णाहुति हुई। नेजपुर के पंचों ने कहा कि प्रभु की कृपा से यह महोत्सव क्षेत्र में धर्म, आस्था, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे, यही कामना है। भगवान सोमनाथ महादेव एवं श्री हनुमान जी से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर पूजा-अर्चना हुई।मुख्य कुंड के जयमान कमलेश रूपलाल पाटीदार रहें। अन्य कुंड में रामजी भेमजी पाटीदार, वागजी नाथुजी पाटीदार, गजेंद्र भुरालाल पाटीदार व वालजी रतनजी पाटीदार यजमान रहें।श्री सोमनाथ महादेवजी व हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु बोलिया लगी। मुख्य शिखर की स्थापना कुवैत कमेटी नेजपुर द्वारा लगाई गई।

## नाटक 'माधव' का मंचन

**उदयपुर**, (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' के अंतर्गत रविवार को 'माधव' नाटक का मंचन किया गया।

पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि कारवां थिएटर ग्रुप मुंबई, संपूर्णम् एवं वेदा फैक्ट्री मुंबई द्वारा विमन ट्रिओलॉजी श्रृंखला के दूसरे नाटक माधव का मंचन आज शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में हुआ। नाटक के निर्देशक कुलविंदर बख्शीश सिंह एवं लेखक आशुतोष द्विवेदी है। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में इस प्रभावशाली प्रस्तुति को खूब सराहा गया। नाटक में विनीता जोशी, नॉयरिका, चांदनी श्रीवास्तव और संजना देशमुख ने 40 किरदार निभाए। नाटक की शुरूआत नाटक कर्ण के अंतिम दृश्य से हुई, जहां कर्ण माधव से कहते है कि पूरी जिंदगी मेरे साथ अन्याय हुआ, इस पर श्रीकृष्ण कहते है कि मुझे तो मेरे जन्म लेते ही माता-पिता से अलग कर दिया गया। मुझे मेरा प्रेम नहीं मिला। जिस-जिस से मेरा विवाह हुआ, वह समझौता था।

## कपासन में जाट प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**कपासन**, (निसं)। जाट समाज कपासन, भोपालसागर एवं राशमी के संयुक्त तत्वावधान में 5वां जाट प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 जाट छात्रावास, कपासन में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद सी. पी. जोशी (चित्तौड़गढ़) एवं विधायक कपासन अर्जुन लाल जीनगर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट (सिंहपुर), जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला युवा अध्यक्ष सागर चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं तथा विभिन्न राजकीय सेवाओं में नव चयनित कुल 102 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जाट छात्रावास के नए निर्माण कार्यों के ब्लूप्रिंट का विमोचन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष कपासन बद्रीलाल जाट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रावास में लाइब्रेरी एवं सेमिनार हॉल निर्माण की मांग रखी। साथ ही प्रकाश चौधरी ने कपासन में एक चौराहे को तेजाजी सर्किल के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया तथा मोहनलाल जाट सोमवारवाल (खेड़ा) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान सांसद सी. पी. जोशी ने जाट छात्रावास के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने छात्रावास के विकास कार्यों हेतु 10 लाख की राशि देने की घोषणा की तथा ब्लूप्रिंट को अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने छात्रावास के पास स्थित चौराहे को नगर पालिका के माध्यम से तेजाजी सर्किल के रूप में विकसित कराने एवं छात्रावास मार्ग के डामरीकरण का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छात्रावास परिसर में पौधारोपण भी किया गया। समारोह में समाज के प्रमुख पदाधिकारी जैसे डॉ. शंकर लाल जाट (डिप्टी डायरेक्टर, उद्यान), बद्रीलाल जाट (मुख्य अभियंता), विनोद चौधरी , मोतीराम जाट, लोकेश धमाणा, प्रधानाचार्य रामलाल जाट, युवा अध्यक्ष दिनेश जाट सहित अनेक मौजूद रहे।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बांसवाड़ा**,(निसं)। इस वर्ष राजस्थान शिक्षा बोर्ड,सीबीएसई और अन्य राज्यों से कक्षा 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में बीए, बीएससी, बीकॉम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का आगाज़ बुद्ध पूर्णिमा 1 मई को प्रारंभ कर दिया गया है। प्राचार्य प्रो कल्याणमल सिंगाड़ा ने बताया कि जिले के सबसे बड़े सहशिक्षा महाविद्यालय में चार कोर्सेज:बीए की 2300,बीएससी बायो की 176,बीएससी मैथ्स की 88 और बीकॉम की 200 सीट्स हेतु आवेदन शुरू हो गए हैं।

## 2 हजार लीटर वॉश नष्ट कराई

**उदयपुर**, (कासं)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गष्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेष में उदयपुर, जयपुर, हनुमानगढ़, भरतपुर, श्रीगंगानगर सहित विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए हजारों लीटर वॉश नंष्ट कर अभियोग दर्ज किए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देषन में विषेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की षराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उदयपुर के आबकारी थाना क्षेत्र गोगुन्दा में आबकारी निरोधक दल की दबिष कार्रवाई में 2 हजार लीटर वॉष नष्ट करते हुए 2 अभियोग दर्ज किए गए। जयपुर के जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के चाकसू के देवगांव, सांभरिया, अचलपुरा, सीतारामपुरा, नारान बाबा की ढाणी, बागड़िया, मूंडली एवं आबकारी थाना क्षेत्र शाहपुरा के गांव मिनो की बाढ में हथकड़ शराब के विरूद्ध बडी कार्रवाई में करीब 10 हजार लीटर वॉष एवं शराब बनाने की भट्टियां नष्ट करते हुए 105 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। कार्रवाई में 3 अभियोग दर्ज किए। इसी प्रकार हनुमानगढ़ के ईपीएफ थाना क्षेत्र नोहर, भादरा एवं संगरिया में 800 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 4 अभियोग दर्ज किए। भरतपुर जिले के हथकड़ संवेदनषील क्षेत्र सीकरी, कुरकैन, अलघानी, डमोडकी में ईपीएफ थाना बयाना के अन्तर्गत खार का नाला, पहाड़पुर क्षेत्र नट बस्ती में कार्रवाई करते हुए 500 लीटर वॉश नष्ट कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर ग्रामीण क्षेत्र अवैध हथकड़ शराब पर कार्रवाई कर आबकारी एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज किए।

## राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प : जगदीश पालीवाल

**राजसमन्द**, (निसं)। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से ग्राम रथ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में राजसमन्द जिले के चारों विधानसभा में यह ग्राम रथ जा रहा है इसी के तहत राजसमन्द विधानसभा क्षेत्र की भावा ग्राम पंचायत में ग्राम रथ का विधिवत पूजन कर भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस अवसर पर अपने संबोधन में जगदीश पालीवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएँ समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित तबकों के उत्थान के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान का मुख्य उद्देश्य इन योजनाओं की जानकारी गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाना है।

## सार-समाचार

### डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी सम्मानित

**उदयपुर**, (कासं)। शिक्षण, शोध और आईटी के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए राजस्थान विद्यापीठ के डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी को ड्रॉप ऑफ चेंज संस्था द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके नवाचारी कार्यों और शैक्षिणक जगत में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों के लिए दिया गया। प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए संस्था के संस्थापक शुभम सक्सेना ने डॉ. छतलानी के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. छतलानी की विशेषज्ञता और तकनीकी कौशल न केवल शैक्षिणक जगत के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। डॉ. छतलानी ने अपने करियर में अब तक 150 से अधिक सॉफ्टवेयर और वेबसाइट्स विकसित की हैं। वे 29 पुस्तकों के लेखक और संपादक रहे हैं। साथ ही, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. छतलानी ने विभिन्न क्षेत्रों में 1500 से अधिक प्रमाणपत्र अर्जित किए हैं तकनीकी विशेषज्ञ होने के साथ-साथ वे एक संवेदनशील साहित्यकार भी हैं, जो अपनी कविताओं और लघुकथाओं के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**बांसवाड़ा**, (निसं)। विद्युत नगर में श्री गजलक्ष्मी माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भक्ति, आस्था और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह मंदिर शहर का प्रथम श्री गजलक्ष्मी मंदिर है जिसकी विशेषता अत्यंत आकर्षक एवं प्रतीकात्मक है। गज (हाथी) शक्ति एवं सम्मान तथा लक्ष्मीजी संपन्नता की प्रतीक हैं वहीं हाथियों द्वारा सूंड से माताजी का अभिषेक स्वच्छता का संदेश देता है। कमल पर विराजित गजलक्ष्मी माता की यह दिव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बनी हुई है। महोत्सव में नेमा समाज से जुड़े धर्मप्रेमियों ने यजमान बनकर सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं भक्ति भाव से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रामस्नेही संप्रदाय के संत उदयराम महाराज ने सभी को धर्ममार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पूर्णाहुति में बबीता अनंत गुप्ता एवं संध्या आशीष रस्तोगी ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अभयदाता हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों सहित शहर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भजन संध्या में सखी मंडल, नागरवाड़ा ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में नेमा समाज अध्यक्ष निमेष मेहता, सचिव सुबोध मालोत, हाऊसिंग बोर्ड जैन समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सहित गणमान्यजन उपस्थित मौजूद रहे

### मंगाई भत्ते का एरियर नहीं मिलने से रोष

**राजसमंद**, (निसं)। प्रदेश के सरकारी पेंशनर्स को अप्रैल माह की पेंशन के साथ बढ़े हुए महंगाई भत्ते का एरियर नहीं मिला है राजस्थान राज्य सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ जिला शाखा राजसमंद ने इस पर नाराजगी जताते हुए रोष प्रकट किया है। महासंघ के संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी ने कहा है कि सरकार ने इतनी महंगाई के बावजूद मात्र 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढाया है वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है बाजार में हर चीज के दाम और कीमत आसमान को छू रही है इसमें भी बढा हुआ डीए केवल अप्रैल माह की पेंशन में लगा दिया जबकि जनवरी-फ रवरी और मार्च 2०26 का बढे हुए महंगाई भत्ते का एरियर बाकी रख दिया, उल्लेखीनय है कि सरकार ने सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत का इजाफा जनवरी 2०26 से किया है अब बकाया एरियर के इंतजार में पेंशनर्स मजबूर हैं। जिला अध्यक्ष घनश्याम जोशी और महामंत्री सत्यनारायण व्यास ने बताया कि प्रदेश में कई परिवार पेंशन पाने वाले तथा अल्प पेंशन पाने वाले कई ऐसे पेंशनर्स है जो अल्प पेंशन में अपना गुजर बसर करते हैं और अपना परिवार चलते हैं उन्हें उम्मीद थी कि बढा हुआ महंगाई भत्ता और एरियर मिलने से थोडी बहुत राहत मिलेगी, लेकिन अब वे इंतजार को मजबूर है, उन्होंने बताया कि कर्मचारियों और पेंशनर्स का पूर्व का 18 महीनों का एरियर और बढा हुआ महंगाई भत्ता वैसे ही बहुत ही लंबे समय से बकाया चल रहा है।महासंघ के जिला संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमेश्वर आचार्य, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मंत्री शिवलाल खींची, कोषाध्यक्ष बंशीलाल रांका,प्यारेलाल कुमावत, शिवदास बैरागी सहित अन्य पदाधिकारी ने प्रदेश सरकार से अविलंब पूर्व का और अभी का महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान की मांग की है।

